चांदनपुर के गाँवों में बुला ले वीरा

चांदनपुर के गाँवों में बुला ले वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी,
मैं तो दर्शन करने आउंगी,
तेरो वंदन करने आउंगी,
चांदनपुर के गाँवों में बुला ले वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी,

चांदनपुर के बीचो बीच माँको स्तंभ है,
माँको स्तंभ में चतुर्मुखी टेयरो बिंब है,
बिंब पे है ज्योति, ज्योति चमके जैसे हीरा,
बुला ले रे वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी,
चांदनपुर के गाओं में बुला ले वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी।

मीना जया गुज्जर जाए मैं कैसे रह जाऊगी,
सवा शेर को लोटा लेकर चरणन दूध चढ़ाऊगी,
दर्शन करके तेरी मिट जाए सब पीड़ा
बुला ले रे वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी,
चांदनपुर के गाओं में बुला ले वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी।

सबको लेते धनिया जीरा मैं लूँगी मंजीरा,
मंदिर नीचे बैठ बजाऊ बोलू वीरा वीरा,
नाम का तेरा सुमिरन करके खुल जाए तक़दीरा,
बुला ले रे वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी,
चांदनपुर के गाओं में बुला ले वीरा,
मैं तो दर्शन करने आउंगी........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23954/title/chandanpur-ke-gaaon-me-bula-le-veera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |